हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 27 मई 2026, समय 13:05 (05 मिनट)

केंद्र सरकार ने घुसपैठ और अन्य कारणों से होने वाले जनसांख्यिकी बदलाव की चुनौतियों से निपटने के लिए एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश, प्रकाश प्रभाकर नावलेकर करेंगे। जनगणना आयुक्त के साथ-साथ पूर्व आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, पूर्व आईपीएस अधिकारी बालाजी श्रीवास्तव और अर्थशास्त्री डॉ. शमिका रवि को इस समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव इस समिति में सदस्य सचिव के रूप में काम करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष 15 अगस्त को लाल किले से जनसांख्यिकीय परिवर्तन पर उच्च-स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की थी।

रेल मंत्रालय ने देश की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली 10 डिब्बों वाली डीईएमयू रेलगाड़ी चलाने की स्वीकृति दे दी है। यह निर्णय रेलवे क्षेत्र में हरित और टिकाऊ परिवहन को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह रेलगाड़ी जींद और सोनीपत के बीच अधिकतम 75 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलेगी। इसमें दो ड्राइवर पावर कार और आठ पैसेंजर कोच शामिल हैं, जिनकी कुल क्षमता दो हजार पांच सौ यात्रियों की है। इसकी कुल विद्युत क्षमता एक हजार दो सौ किलोवाट है। यह रेल शून्य कार्बन उत्सर्जन करती है। इसकी परिचालन गति 110 से 140 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इसमें यात्रियों के लिए आधुनिक डिजिटल डिस्प्ले, ऑटोमैटिक दरवाजे और एयर कंडीशनिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश की पहली हाईड्रोजन से चलने वाली डी ई एम यू रेलगाड़ी हरियाणा को देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जींद और सोनीपत के बीच चलने वाली यह रेलगाड़ी न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेल संरचना के विकास की गवाह बनेगी बल्कि इतिहास भी बनाएगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और ईंधन की बचत की दिशा में और भविष्य की परियोजनाओं को देखते हुए यह गाड़ी मील का पत्थर साबित होगी।

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर आज भिवानी, तोशाम व कैरू में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर देश के प्रति उनके योगदान को याद किया।

फरीदाबाद स्थित ई एस आई सी मेडिकल कॉलेज एव अस्पताल ने उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए एक 3 वर्षीय बच्चे में दुर्लभ बीमारी विस्कॉट–एल्ड्रिच सिंड्रोम (WAS) का सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया है। यह ईएसआईसी स्वास्थ्य प्रणाली में इस प्रकार का पहला सफल उपचार बताया जा रहा है। विस्कॉट–एल्ड्रिच सिंड्रोम एक दुर्लभ आनुवंशिक प्रतिरक्षा संबंधी बीमारी है, जिसमें बच्चों को बार-बार संक्रमण, त्वचा रोग, प्लेटलेट्स की कमी और रक्तस्राव जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

शाहबाद नगर पालिका ने सरकारी फीस तय समय सीमा के भीतर जमा न करवाने वाले 4 ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें काली सूची मे डाल दिया। इस में एसएस सहकारी सोसायटी सहित अन्य ठेकेदार शामिल हैं।नगर पालिका के सचिव बाम्बूल ने बताया कि संबंधित ठेकेदारों द्वारा निर्धारित समय के भीतर सरकारी फीस जमा नहीं करवाई गई थी, जिसके चलते यह कदम उठाया गया।

उन्होंने कहा कि काली सूची मे डाले गए ठेकेदार नगर पालिका के किसी भी टेंडर के लिए आवेदन नहीं कर पाएंगे।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड –सी०बी०एस०ई० ने सोशल मीडिया पर किए गए एक दावे को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए उपयोग की जाने वाली ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली में कोई सुरक्षा उल्लंघन नहीं हुआ है। बोर्ड ने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं के वास्तविक मूल्यांकन के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पोर्टल पूरी तरह से एक अलग URL पर काम करता है। सीबीएसई ने कहा है कि cbse.onmarks.co.in केवल एक टेस्टिंग साइट है,जिसमें सैंपल डेटा होता है, जिसका इस्तेमाल पूरी तरह से आंतरिक टेस्टिंग और समीक्षा के उद्देश्यों के लिए किया जाता है और इसमें परीक्षा से संबंधित कोई भी वास्तविक जानकारी नहीं होती है।